जागरण

# डायरेक्ट सेलिग कारोबार से पैदा हो रहे स्वरोजगार के नए अवसर

सेक्टर-35 स्थित होटल जेडब्ल्यू मैरियट में सोमवार को इंडियन डायरेक्ट सेलिग एसोसिएशन (आइडीएसए) की एक अहम मीटिग हुई। इसमें डायरेक्ट सेलिग कारोबार की चुनौतियां व भविष्यों में इस क्षेत्र के बढ़ते आयामों पर विस्तृत चर्चा की गई। आइडीएसए के कोषाध्यक्ष विवेक कटोच ने बताया कि पिछले कुछ सालों में डायरेक्ट सेलिग कारोबार में शानदार वृद्धि देखने को मिली है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 -20 में पंजाब में कुछ 523 करोड़ से ज्यादा डायरेक्टर सेलिग कारोबार हुआ। पिछले चार वर्षों में इस कारोबार में 25 फीसद का इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं राज्य सरकार को भी डायरेक्ट सेलिग कारोबार से 60 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में अकेले पंजाब में डेढ़ लाख से ज्यादा लोग इस कारोबार से जुड़े हुए हैं। विवेक ने कहा कि हम इस कारोबार का बेहतर भविष्य देश में देख रहे हैं, उम्मीद है कि आने वाले कुछ सालों में देश में इस क्षेत्र से काफी बड़ी संख्या में स्वरोजगार निकलेंगे।

आइडीएसए के महाप्रबंधक चेतन भारद्वाज ने बताया कि डायरेक्ट सेलिग कारोबार के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनका नुकसान इस कारोबार से जुड़े लोगों को हो रहा है। उन्होंने इस कारोबार से जुड़े लोगों को आश्वासन दिलाया कि जैसे -जैसे यह क्षेत्र मजबूत होगा। वैसे -वैसे इस क्षेत्र से जुड़े कारोबारी के हितों से संबंधी मजबूत कानून भी बनाएंगे। इसलिए जो इस उद्योग से जुड़े कमजोर पक्ष हैं, उन्हें पहचान कर मजबूत करने की दिशा में तेजी में काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि कई मामले ऐसे हैं जो अभी कोर्ट में चल रहे हैं, भविष्य में यकीनन इसके हल निकलेंगे।